पेज थ्री देहरादून

हमारा दून

देहरादून, बुधवार, 20 अप्रैल 2022



मुख्यमंत्री आवास में प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर से भेंट करते हुए सीएम।



## संक्षिप्त समाचार

### सीएम से मुख्यमंत्री आवास में प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर ने भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर ने भेंट की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान पर्यटन, संस्कृति एवं आध्यात्म से संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा की एवं केदारनाथ धाम के यात्रा के अनुभवों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को वर्ष 2025 तक अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है, इसके लिए पर्यटन पर विशेष रूप से फोकस किया जायेगा। उत्तराखण्ड धर्म, संस्कृति और आध्यात्म का केन्द्र है।

### विकास को सुदृढ़ करने के लिये हरित तकनीक लागू करने हेतु एक्सपो का आयोजन

**संवाददाता** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने डॉ अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय सेन्टर, नई दिल्ली में 19 और 20 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय विवेकानंद सस्टेनेबिलिटी समिट (राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन) में सहभाग किया। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि हमें इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ इंट्रास्ट्रक्चर पर भी ध्यान देना होगा। केंद्रीय परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इंपोर्ट कम और एक्सपोर्ट बढ़ाने का मंत्र देते हुये कहा कि हमारे देश का किसान इस देश के लिये ऊर्जा और फ्यूल बना सकता है।

### कैलाश खेर ने की स्वामी चिदानन्द सरस्वती से भेंट

**संवाददाता** ऋषिकेश। करोड़ों संगीत प्रेमियों और युवा दिलों की धड़कन कैलाश खेर पधारे परमार्थ निकेतन। परमार्थ निकेतन के ऋषिकुमारों ने वेद मंत्रों और शंख ध्वनि के साथ उनका दिव्य स्वागत किया। कैलाश खेर ने स्वामी चिदानन्द सरस्वती से भेंट कर आशीर्वाद लिया। सूफी गायक कैलाश खेर ने परमार्थ गंगा आरती में सहभाग कर अपने पुराने दिनों को याद करते हुये कहा कि मैं आज भी यहां का आनन्दए यहां की मस्ती और यहां कि दिव्यता को याद करता हूँ।

### गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसरी बोली को मिले संविधान की 8वीं अनुसूची में स्थान

**संवाददाता** देहरादून। गढ़ राजाओं और चंद शासनकाल में कभी राजभाषा रही गढ़वाली, कुमाऊंनी और जौनसारी बोली को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने को लेकर एक बार फिर जोर पकडने लगा है। इन भाषाओं की पर्याप्त साहित्यिक पृष्ठभूमि होने के बावजूद इसे अब तक संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल नहीं किया जा सका है ऐसा कहना है मयूर विहार भाजपा जिलाध्यअक्ष विनोद बछेती का। और साथ ही उनसे उत्त राखंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने मिलने की गुहार लगाई है।

# मानसून से पहले आपदा प्रबंधन की पूरी तैयारी सुनिश्चित हो: सीएम

**निर्देश**

■ मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग की बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

■ गर्मियों मे पेयजल आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया जाए

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में आपदा प्रबंधन की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि मानसून से पूर्व सभी आपदा प्रबंधन की पूरी तैयारी कर लें। सभी विभाग चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें। आपदा की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों के चिन्हीकरण शीघ्र किया जाय। आपदा की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर वैकल्पिक मार्गों की भी व्यवस्था हो। यह सुनिश्चित किया जाय कि आपदा में सड़को के क्षतिग्रस्त होने की दशा मे आवागमन की व्यवस्था शीघ्र सुचारू हों। संचार व्यवस्थाओं को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि आपदा के दौरान संचार व्यवस्थाएं सबसे अधिक बाधित होती हैं। संचार व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए पूरी तैयारी की जाय।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में नालों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय। यह सुनिश्चित किया जाय कि वर्षा के कारण शहरों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रबंधन तंत्र को और मजबूत बनाया जाय। आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों से जिन परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था करनी है, वह शीघ्र की जाय। यह सुनिश्चित किया जाय कि आपदा प्रभावितों को आपदा प्रबंधन एक्ट के तहत मुआवजा राशि शीघ्र प्राप्त हो, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में पुर्ननिर्माण कार्यों के लिए धन का अभाव नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुर्ननिर्माण कार्यों को शीर्ष प्राथमिकताओं में रखा जाय। किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए जन सहयोग बहुत जरूरी है। आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में लोगों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाय। आपदा के दौरान सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जाय। राज्य में एसडीआरएफ को और मजबूत करने के साथ ही संख्या बल में भी वृद्धि की जाय।

मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाय कि ग्रीष्मकाल एवं मानसून अवधि में पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति सुचारू रहे। पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति के बाधित होने की काफी शिकायते आ रही हैं, इन समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाय। ग्रीष्मकाल में वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किये जाय। वनाग्नि को रोकने के लिए जनसहयोग के साथ ही लोगों को जागरूक भी किया जाय।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि मानसून शुरू होने से पूर्व जनपद एवं तहसील स्तर पर आपदा कंट्रोल रूम पूर्ण रूप से सक्रिय हो जाएं। आवश्यक उपकरणों की पूर्ण व्यवस्था रखी जाय। यदि कोई भी आवश्यकता हो तो शासन को अवगत कराया जाय। यह सुनिश्चित किया जाय कि मानसून अवधि में आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों एवं पर्वतीय जनपदों में खाद्यान की पूर्ण व्यवस्था हो।

### उत्तराखण्ड आपदा की दृष्टि से संवेदनशील राज्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड आपदा की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है। आपदा से जानमाल की कम से कम क्षति हो इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरकण्डा में डॉप्लर रडार को शीघ्र शुरू किया जाए एवं लैंसडाउन में डॉप्लर रडार की कार्यवाही में तेजी लाई जाय।

# 2023 तक पूरा होगा उत्तराखण्ड निवास का निर्माण कार्य

**निरीक्षण**

■ केबिनेट मंत्री ने दिल्ली में निर्माणाधीन भवन 'उत्तराखण्ड निवास' का निरीक्षण किया

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखण्ड के वित्त, शहरी विकास एवं आवास विधायी एवं संसदीय कार्य, पुनर्गठन एवं जनगणना मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल ने नई दिल्ली में निर्माणाधीन भवन 'उत्तराखण्ड निवास' का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य, गुणवत्ता बनाए रखते हुए तय की गई समय सीमा में पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। कैबिनट मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल द्वारा उत्तराखण्ड निवास के नक्शे का अवलोकन करते हुये भवन के सभी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी ली। इसके अलावा निर्माणाधीन भवन में गाड़ियों की पार्किंग व्यवस्था की भी जानकारी ली गई।



उल्लेखनीय है कि 3, गोपीनाथ बारदोलाई मार्ग, चाणक्यपुरी नई दिल्ली में जून 2020 से उत्तराखण्ड निवास का काम शुरू किया गया। भवन में तीन बेसमेंट होंगे। भवन में भू–तल को सम्मिलित करते हुए कुल सात तल बनाए जाएंगे। भवन उत्तराखण्ड वास्तुकला शैली में बनाया जायेगा। ग्रीन भवन की तर्ज पर बनाए जा रहे इस भवन का अपना सीवेज सोधन संयत्र होगा। भवन में 50 किलो वाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट भी है। उत्तराखण्ड निवास का निर्माण कार्य संभावित 2023 तक पूरा कर लिया जायेगा।

इस अवसर पर स्थानिक आयुक्त डॉ. वीवीआरसी पुरूषोत्तम व उत्तराखण्ड पेयजल निगम के सहायक अभियन्ता अरविन्द सैनी उपस्थित थे।

### किसी को भी साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की इजाजत नहीं: हरीश रावत

**संवाददाता** देहरादून। गांधी पार्क में प्रदेश कांग्रेस की ओर से सर्वधर्म सद्भावना सभा रखी गई। सभा के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भाजपा का नाम लिए बगैर कहा कि देश में किसी को भी साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की इजाजत नहीं है। यह देश सभी जाति धर्म व सम्प्रदाय को मिलकर बना है। कांग्रेस ने इसका न केवल पालन किया, बल्कि सत्ता में रहते हुए इसकी मिसाल भी कायम की है। कांग्रेस नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि कांग्रेस की यह सभा देश की एकता व सखंडता को बनाए रखने के लिए है। कांग्रेस ने समाज को जोड़ने का काम किया है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि कांग्रेस समाज के सभी वर्ग व धर्मों को एक साथ लेकर चलने पर विश्वास करते हुए आगे बढ़ी है। इस मौके पर सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआइ, किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद हैं।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।